राष्ट्रीय कार्यशाला में राजस्थान सहित 3 राज्यों के आईटी प्रतिनिधि सम्मानित

■ **अलवर के आईटी प्रोग्रामर चारू अग्रवाल सम्मानित**

अलवर,(निसं)। भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में राजस्थान, मिजोरम एवं हिमाचल प्रदेश के आईटी प्रतिनिधियों को ट्रॉफी एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्थान सरकार की ओर से प्रतिनिधि के तौर पर इस कार्यशाला में अलवर से भाग लेने गए आईटी एक्सपर्ट चारू अग्रवाल को मिला। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विभिन्न प्रांतों में ई-गवर्नेंस परियोजनाओं और भविष्य में ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में आने वाले प्रोजेक्टस को एक मंच देने के लिए पंजाब के महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन चंडीगढ में 12 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया था। इसमें हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यद्वीप, मिजोरम, बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, नई दिल्ली, मणिपुर, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों के आईटी प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। कार्यशाला में अलवर निवासी चारू अग्रवाल ने राजस्थान में संचालित ई-मित्र, ई-मित्र सेल्फ सर्विस कियोस्क, सिंगल साइन ऑन, अभय कमाण्ड कण्ट्रोल सेंटर सहित अन्य डिजिटल प्रोजेक्टस की प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला के समापन अवसर पर पूरे प्रशिक्षण काल में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में पंजाब के विशिष्ट मुख्य सचिव के बी एस सिद्धु, लोक प्रशासन संस्थान चंडीगढ की निदेशक जसप्रीत तलवार, अतिरिक्त मुख्य सचिव कृष्ण मोहन ने श्रेष्ठ ई-गवर्नेंस परियोजनाओं और उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि और आईटी विभाग के प्रोग्रामर चारू अग्रवाल को प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

चंडीगढ़ में आयोजित कार्यशाला में अलवर के चारू अग्रवाल को पंजाब के अधिकारियों ने सम्मानित किया।